तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 28. 0 डिग्री

# हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 26 जून 2024

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



4 आपातकाल का दौर देश के इतिहास में काला अध्याय : कौशिक




## खबर संक्षेप

### पीडीएस दुकान संचालन पर लगाई गई रोक

**जांजगीर-चांपा।** सरकारी राशन दुकान में गड़बड़ी की शिकायत के बाद एसडीएम द्वारा जांच टीम द्वारा दुकान को तत्काल प्रभाव सेबित कर दिया गया। तत्कालीन एसडीएम रजनी भगत के आदेश के बाद 2023 में खाद्य निरीक्षक द्वारा क्षेत्र के शासकीय राशन दुकानों का भौतिक सत्यापन किया गया था। जहां उन्हें बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की जानकारी मिली थी, इसके बाद उनके द्वारा जांच प्रतिवेदन एसडीएम कार्यालय में जमा किया गया था, एसडीएम द्वारा क्षेत्र के तहसीलदारों को आरसीसी के माध्यम से राशन दुकान संचालित करने वाले महिला स्व सहायता से बचत स्टॉक का राशि को वसूली करने का निर्देश दिए थे, जिस पर तहसीलदार ने गड़बड़ी करने वाले राशन दुकान संचालकों को नोटिस जारी किया था। जिस पर एसडीएम ने समूह को नोटिस जारी कर अपना पक्ष रखने कहा था, लेकिन समूह द्वारा जवाब देना जरूरी नहीं समझा। ऐसे में अधिकारी फूड इंस्पेक्टर को जांच करने के लिए कहा था, जांच में 217 क्विंटल राशन की कमी पाई गई, ऐसे में राशन दुकान को निलंबित कर दिया गया। इसके अलावा एसडीएम द्वारा आरसीसी के माध्यम से गबन किए गए राशन की राशि वसूली किए जाने की बात कही। ग्रामीणों की शिकायत पर जांच की गई। कमी पाए जाने पर दुकान को निलंबित किया गया।

### प्री इंजीनियरिंग, मेडिकल प्रवेश कोचिंग के लिए आवेदन 1 तक

**जांजगीर-चांपा।** वर्ष 2024-25 में राज्य के अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग के अभ्यर्थी जो ड्राप लेकर इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं। ऐसे इच्छुक पात्र अभ्यार्थियों से 1 जुलाई समय सायं 4 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। योजना से संबंधित आवेदन पत्र का प्रारूप, नियम तथा शर्तें इत्यादि विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट एवं जिले की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### जिले में 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पर लगा प्रतिबंध

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्याखेट अधिनियम 1972 की धारा 3 की उपधारा दो के तहत 16 जून से 15 अगस्त तक क्लोज सीजन घोषित किया गया है। मछली पालन विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि क्लोज सीजन में मत्स्याखेट पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। जिले के समस्त नदियों, नालों तथा छोटी नदियों, सहायक नदियों में जिन पर सिंचाई के तालाब, जलाशय निर्मित किए गए हैं, उनमें किये जा रहे केज कल्चर के अतिरिक्त सभी प्रकार का मत्स्याखेट पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। इन नियमों का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य क्षेत्र अधिनियम के नियम - 3 (5) के अंतर्गत अपराध सिद्ध होने पर एक वर्ष का कारावास अथवा 10 हजार का जुर्माना या दोनों एक साथ होने का प्रावधान है।

### ओपन परीक्षा के लिए 5 जुलाई तक भर सकते है आवेदन

**छपोरा।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल रायपुर के निर्देश के अनुसार ओपन स्कूल परीक्षा में अनुत्तीर्ण छात्र जहां परीक्षा दिए थे। वहां उपस्थित होकर परीक्षा फार्म सामान्य शुल्क के साथ 30 जून तक फार्म भर सकते है। वहीं विलंब शुल्क के साथ परीक्षा फार्म 5 जुलाई तक भरा जा सकता है। ओपन स्कूल परीक्षा अगस्त, सितंबर माह में आयोजित की जाएगी। परीक्षा को लेकर हायर सेकेण्डरी स्कूल छपोरा के प्राचार्य से संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा सीजी बोर्ड एवं ओपन परीक्षा में अनुत्तीर्ण नए छात्र परीक्षा को लेकर फार्म भर सकते है। परीक्षा को लेकर छात्र छात्राओं के पास जरूरी दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य है। जिसमें पांचवीं, आठवीं की मार्कशीट, निवास प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड भी जमा करना होता है।

## समय पर नहीं हो पाया मरम्मत का काम, बारिश में बढ़ेगी परेशानी

# आज खुलेंगे स्कूल के पट, दर्जनों भवन जर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

स्कूलों के पट बुधवार 26 जून से खुलेंगे। इस बीच गर्मी की छुट्टी में जर्जर भवन की मरम्मत नहीं हो सकी। आज भी दर्जनों स्कूलों को मरम्मत की दरकार है। इसके अलावा 5 सरकारी स्कूलों को डिसमेंटल घोषित भी किया जाना है। जिसकी प्रक्रिया आज तक पूरी नहीं हो पाई है।

बुधवार 26 जून से शिक्षा सत्र की शुरूआत हो रही है। गर्मी की छुट्टी के चलते स्कूलों का संचालन करीब डेढ महीने से बंद था। स्कूल खुलने के साथ साथ शिक्षको की उपस्थिति भी बुधवार से स्कूलो में शुरू हो जाएगी। इधर स्कूल खुलने के साथ ही छात्रो की परेशानी भी बढ सकती है। अभिवाजित जिले के करीब दर्जनों स्कूल के भवन जर्जर है। गर्मी की छुट्टी में इन भवनो की मरम्मत पर ध्यान नही दिया गया। इधर बरसात का सीजन प्रारंभ हो चुका है। वही कई स्कूल भवनो की स्थिति काफी खराब हो चुकी है। जांजगीर चाम्पा जिले में करीब 1 हजार 343 स्कूलो का संचालन किया जा रहा है। जिनमें 769 प्राथमिक, 409, मिडिल, 70 हाई एंव 95 हायरसेकेन्ड्री स्कूल संचालित है। जहां हजारो की तादाद में छात्र छात्राए अध्ययन कार्य के लिए स्कूल जाएगें। स्कूल भवनो की जर्जर स्थिति के कारण छात्रो की परेशानी बढ सकती है। स्कूल संचालन को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी अश्वनी भारद्वाज का कहना है कि 26 जून से शिक्षा सत्र की शुरूआत हो रही है। स्कूल संचालन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।



ग्राम पंचायत खोखसा में संचालित प्राथमिक व मीडिल स्कूल।

### शाला प्रवेश उत्सव के पूर्व कलेक्टर ने पुस्तक वितरण की ली जानकारी



**चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा ने मंगलवार 25 जून को शाला प्रवेश उत्सव की तैयारी को लेकर चांपा के शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में शाला स्वच्छता अभियान के तहत श्रमदान कर अपना योगदान दिए। इस दौरान उन्होंने स्कूल के प्रधानाध्यापक से शाला प्रवेश उत्सव के तैयारी की जानकारी लेते हुए गणवेश और पुस्तक वितरण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शाला प्रवेश उत्सव को विद्यार्थियों के साथ उत्साह और उमंग के साथ मनाएं। इसके साथ ही उन्होंने स्कूल में शिक्षा की गुणवत्ता व अध्यापक व विद्यार्थियों की उपस्थिति नियमित सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके पश्चात कलेक्टर श्री छिकारा ने चांपा में निर्माणाधीन फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण कार्यों का भी जायजा लिया। इस ट्रीटमेंट प्लांट के माध्यम से चांपा नगर के निष्काषित गंदे पानी को पाइपलाइन के माध्यम से स्लज प्लांट तक लाकर उसका ट्रीटमेंट किया जाएगा। उन्होंने निर्माणाधीन फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट को समय सीमा में पूर्ण कर नगर पालिका को हैंडओवर करने कहा। इस दौरान चांपा नगरपालिका अध्यक्ष जय थवाईत, पूर्व उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा, सहायक कलेक्टर दुर्गा प्रसाद अधिकारी, चांपा एसडीएम नीरनिधि नंदेहा, सीएमओ चांपा सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी एवं निर्माण एजेंसी के संबंधित इंजीनियर उपस्थित थे।

### शिक्षा का अधिकार : समीक्षा बैठक में ड्राप आउट पर चर्चा

शिक्षा के अधिकार अधिनियम (आरटीई) 2009 के अंतर्गत जांजगीर चांपा जिले में संचालित निजी विद्यालयों के संचालकों के लिए जिला पंचायत के पास आडिटोरियम में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर आकाश छिकारा की अध्यक्षता की आहूत बैठक में मुख्य एजेंडा आर टी ई के अंतर्गत निजी विद्यालयों में प्रवेशित विद्यार्थियों के द्वारा अधिक संख्या में ड्रॉप आउट की संख्या को नियंत्रित करना था। समीक्षा बैठक में कलेक्टर आकाश छिकारा ने निजी विद्यालयों में आर टी ई के अंतर्गत प्रवेशित विद्यार्थियों की ड्रॉप आउट के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी ,ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवम नोडल ऑफिसर से आंकड़ों के संबंध में चर्चा की।उन्होंने निजी विद्यालयों के संचालकों से भी आगे ड्रॉप आउट न हो ,इसके लिए सुझाव आमंत्रित किए। उन्होंने स्कूल संचालकों से आर टी ई के अंतर्गत प्रवेशित विद्यार्थियों से किसी भी प्रकार का भेदभाव न करने का आह्वान किया। उन्होंने संचालकों को ड्रॉप आउट हुए विद्यार्थियों के पालकों से संपर्क कर पुनः प्रवेश कराने के आदेश दिए। जिला शिक्षा अधिकारी अश्वनी भारद्वाज ने स्कूल संचालन के लिए मूल आधारभूत संरचना को ठीक करने के लिए समय दिया और आरटीई के अंतर्गत प्रत्येक निजी विद्यालयों में शासन के आदेशानुसार मेंटर नियुक्त किए। खंड शिक्षा अधिकारी विजय लहरे ने स्कूल संचालन में होने वाली व्यवहारिक परेशानी के संबंध में संचालकों से विस्तार से चर्चा की। उन्होंने आर टी ई के अंतर्गत होने वाली प्रवेश प्रक्रियाओं के बारे में बताया। साथ ही वर्तमान सत्र 2024-25 में जांजगीर चांपा मे स्थित निजी विद्यालयों में ऑनलाइन में आवेदन किए हुए विद्यार्थियों को 30 जून तक प्रवेश देने के लिए कहा। जांजगीर चांपा निजी विद्यालय के जिलाध्यक्ष मनोज पाण्डेय ने ड्रॉप आउट के संबंध में बिंदुवार जानकारी देते हुए बताया कि कोरोना कॉल में विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय का परित्याग करना, कक्षा आठवीं तक संचालित स्कूल से अध्ययन के पश्चात पोर्टल से हटाना,प्रवेश प्राप्त विद्यालय से दूरी के कारण व वाहन सुविधा के न होने के कारण त्याग करना, नर्सरी, केजीवन और पहली की तीन कक्षाओं में प्रवेश की सुविधा के कारण विद्यार्थियों के द्वारा एक विद्यालय से दूसरे विद्यालय में प्रवेश लेना, एक ही आधार से एक से अधिक नोडल के यहां आवेदन करना,आत्मानंद स्कूल और आर टी ई की प्रवेश प्रक्रिया का एक ही समय होने के कारण निजी विद्यालयों में आर टी ई प्रवेश होने के बाद भी फिर से आत्मानंद स्कूल में प्रवेश लेना,आर टी ई अंतर्गत प्रवेशित विद्यार्थियों के द्वारा बिना टीसी लिए आत्मानंद स्कूलों में प्रवेश लेना और उच्च शुल्क वाले स्कूलों में प्रवेश के बाद वहां सामंजस्य स्थापित न कर पाना प्रमुख कारण है। इसके अलावा कुछ स्कूल के द्वारा ऐसे विद्यार्थियों से भेदभाव करने के कारण भी ड्रॉप आउट की संख्या बढ़ी है। इस मौके पर उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित स्कूल की छोटी से छोटी समस्याओं का उल्लेख करते हुए बताया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत मिलने वाली प्रतिपूर्ति राशि सत्र 2020-21 और 2021-22 की स्टेट हेड की राशि अब तक अप्राप्त है। साथ ही सत्र 2023-24 की सेंट्रल और स्टेट हेड की राशि भी नही मिली है। समीक्षा बैठक में निजी विद्यालय संघ के उपाध्यक्ष अनिल तिवारी, सचिव आलोक शुक्ला, नवागढ़ ब्लॉक अध्यक्ष धनेश मिश्रा, पामगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष धनंजय दिव्य, संरक्षक अखिलेश कटकवार, रोशन केशरवानी, सहसचिव रवि निर्मलकर, विजय राठौर सहित जांजगीर चांपा के 360 स्कूलों के संचालक उपस्थित थे।

## शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान



**जांजगीर-चांपा।** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही विद्युत कटौती से उपभोक्ता काफी हद तक परेशान है। विद्युत विभाग के द्वारा कभी भी बिजली बंद कर दी जाती है। दिन तो दिन रात में भी बेवजह विद्युत आपूर्ति बंद कर दी जाती है। अघोषित बिजली कटौती से नगर के लोग इन दोनों खास से परेशान हैं। ऐसा कोई दिन नहीं बीत रहा जिस दिन बिजली बंद ना हो। बिजली बंद होने का कोई समय तय नहीं है। सुबह हो, दोपहर हो, शाम या रात हो किसी भी समय बिजली बंद कर दी जा रही है। इधर लोगों का उमस भरी गर्मी से बुरा हाल है। गर्मी में बिजली की आंख मिचौली से लोगों की परेशानी दोगुनी हो गई है। बार-बार बिजली कटौती से नागरिक अच्छे खासे परेशान हो गए हैं। बिना जानकारी के बिजली कटौती के कारण लोगों को पीने के पानी सहित अन्य जरूरतों के लिए पानी की समस्या भी हो रही है। भीषण गर्मी में कूलर पंखे बंद होने से लोगों की बेचैनी बढ़ जाती है। बिजली कटौती के साथ ही लोगों को लो वोल्टेज की समस्या से भी जूझना पड़ रहा है। इसके अलावा विद्युत वितरण केंद्र बिर्रा के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों डभरा खुर्द सोनादह और बनडभरा के उपभोक्ताओं को बिजली कटौती ने हलाकान कर रखा है। विद्युत विभाग के द्वारा जब चाहे बिजली कटौती किया जा रहा है, दिन हो या रात गांव में बिजली की समस्या बनी हुई है। गांव में घंटो-घंटो तक बिजली बंद रहता है। बिर्रा के सोनादह गांव में बीते 1 सप्ताह से बिजली की समस्या बना हुआ है। महिलाएं पानी के लिए बिजली के इंतजार में रहते है और जब बिजली आता है तो वह भी जीरो वोल्टेज रहता है जिससे बोर मोटर पंप मशीन नही चल पता है जिससे पानी के लिए महिलाएं दूर बोरिंग के पास जाना पड़ता है।

## ओव्हरब्रिज एवं पानी निकासी व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे अकलतरा विधायक



पानी निकासी व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे विधायक राघवेन्द्र सिंह।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

अकलतरा विधायक ने ओवर ब्रिज एवं अग्रसेन नगर में पानी निकासी की समस्या को लेकर निरीक्षण किया गया एवं पीडब्लूडी व नगर पालिका के अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

**खास बात**

- व्यवस्था दुरूस्त करने पीडब्लूडी एवं पालिका अधिकारी को दिया निर्देश

अकलतरा क्षेत्र के विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह ने मंगलवार 25 जून को शहर में पानी निकासी की व्यवस्था एवं ओव्हरब्रज को लेकर शहर का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम विक्रांत अंचल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सौरभ तिवारी एवं पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ डी जी साय सहित अन्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे। बारिश होने पर ओवर ब्रिज एवं अग्रसेन नगर में पानी निकासी नहीं होने के चलते वार्ड वासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वार्ड वासियों के द्वारा पानी निकासी की समस्या को लेकर विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह को अवगत कराया गया था। वार्डवासी पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा सड़क के दोनों और नाली बनाए जाने की की मांग लंबे समय से करते रहे हैं। वार्ड वासियों का कहना है कि पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा सड़क बनाई जाने के दौरान पूर्व में नगर पालिका के द्वारा बनाई गई नाली में मलबा डाल दिए जाने से वार्ड वासियों के घरों से निकलने वाला पानी नाली में नहीं जा रहा है साथ ही नगर पालिका का पेयजल आपूर्ति करने का वाल्व भी इसी स्थान पर स्थित है जिसमें नाली का गंदा पानी जाता है। इसके चलते कई बार डायरिया का प्रकोप वार्ड वासियों को झेलना पड़ा है। इस दौरान छत्तीसगढ़ चेंबर आफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष विजय केडिया, पार्षद मोहम्मद इमरान खान, बजरंग कमानिया, तनवीर आलम, रमेश मौर्य एवं नगर वासी उपस्थित थे। ओव्हर ब्रिज एवं अग्रसेन नगर में पानी निकासी का निरीक्षण किया गया। ओवर ब्रिज में पानी निकासी का सिस्टम पूरी तरह से फेल है एवं थोड़ी सी बरसात में ओवरब्रिज भर जाता है। मुस्लिम कब्रिस्तान से नाली का पानी होकर जाता है एवं अग्रसेन नगर में भी पानी निकासी की समस्या है। अधिकारियों को जल्द से जल्द मुस्लिम कब्रिस्तान सहित अन्य स्थान पर व्याप्त पानी निकासी की समस्या का समाधान करने निर्देशित किया गया।

## रेत का अवैध परिवहन..



**बम्हनीडीह।** हसदेव नदी के तट पर स्थित ग्राम पंचायत गोविंदा के रेत घाट पर अवैध रूप से रेत का उत्खनन व परिवहन किया जा रहा है। इसे लेकर ग्राम पंचायत के सरपंच एवं ग्रामीणों द्वारा कार्रवाई को लेकर कलेक्टर से गुहार लगाई है। फोटो : हरिभूमि

### स्टाफ की कमी से जूझ रही जैजैपुर पुलिस थाना

**जांजगीर-चांपा।** सक्ती जिला अंतर्गत आने वाले जैजैपुर पुलिस थाना पुलिस स्टाफ की काफी कमी है जिससे लोगों को भी समय पर पुलिस का सहयोग नहीं मिल पाता। जैजैपुर थाना अंतर्गत 49 गांव आते हैं। जिससे रात्रि गश्त व अन्य कार्यों में पुलिस बल की कमी महसूस होती है। यदि कोई पुलिसकर्मी छुट्टी पर चले गए तो और अधिक परेशानी हो जाती है। अब ऐसे में स्वभाविक है कोई न कोई कर्मचारी छुट्टी पर रहता ही होगा यदि एक साथ दो घटनाएं अलग-अलग स्थानों पर घटित हो जाएं तो भी पुलिस को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिसके चलते पुलिस प्रशासन की परेशानी बढ़ जाती है। उन्हें विभिन्न मामलों का निराकरण करने मे मशक्कत होती है।

## जहरीले सांप के काटने से 10 साल के मासूम की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

खाट में सो रहे मासूम को जहरीले सर्प ने डंस लिया। बेटे ने सांप की काटने की जानकारी अपनी मां को दी थी। जिसके बाद उसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। घटना पामगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम चोरभट्टी का है।



मृत पड़ा सर्प।

इस संबंध में मिली जानकारी अनुसार घटना सोमवार 24 जून की रात 12 बजे की है। चोरभट्ठी निवासी देव कुमार कश्यप का 10 वर्षीय पुत्र विजय कश्यप बीती रात घर के सभी सदस्य खाना खाने के बाद सोने चले गए थे। इस बीच रात्रि करीबन 12 बजे विजय ने अपनी मां को आवाज लगाकर उठाया और कहा कि उसे सांप ने काटा है। बेहोशी की हालत में उपचार के लिए अकलतरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे हुए थे। अस्पताल में जब डॉक्टर ने जांच किया तो उसे मृत घोषित किया है। घटना के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। वहीं घर के अन्य सदस्यों ने किसी तरह से जहरीला डोमी नामक सांप को खोज निकाला और डंडे से पीट पीटकर मार डाला। घटना की जानकारी अकलतरा पुलिस को होने पर मंगलवार 25 जून की सुबह पहुंची और किशोर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जहां मासूम के शव का पंचनामा उपरांत पोस्टमार्टम की कार्रवाई कर शव परिजनों को सौंप दी गई।

## कई बार फरियाद लगाने के बाद भी बनी हुई है समस्या

# कच्ची सड़कों के माध्यम से आवागमन करना मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के कई जगहो पर आज भी कच्ची सडको के माध्यम से आवागमन करने की मजबुरी बनी हुई है। खासकर बरसात के दिनो मे लोगो की परेशानी और भी बढ जाति है। कच्ची सडको की समस्या को लेकर ग्रामीणों के द्वारा कई बार फरियाद भी लगाई जा चुकी है। इन सबके बावजुद समस्या बनी हुई है।

गौरतलब है कि जून का महिना अब धीरे धीरे अंतिम पखवाडे की ओर बढ रहा है। वही मानसून भी अब दस्तक देने लगी है। इधर बरसात का मौसम शुरू होते ही सडक भी जवाब देने लग जाता है। खासकर बरसात के दिनो में कच्ची सडको के माध्यम से आवागमन करना बडा ही कठिन हो जाता है। जिला मुख्यालय जांजगीर से लगे हुए ग्राम बनारी से आगे मुख्य मार्ग से होकर मुडपार एवं कापन गांव को जोडने के लिए कच्ची सडक तो बनाया गया है। जिसक चलते कच्ची सडक मार्ग से होकर आवागमन करना बडा चुनौति भरा बना रहता है। खासकर बरसात के दिनो मे आवागमन करने वाले लोगो की परेशानी बन जाती है। वही कापन एवं मुडपार आने जाने के लिए अकलतरा एवं जर्वे मार्ग का सहारा लेना पडता है। ऐसा भी नही कि कच्ची सडक को पक्की बनाने ग्रामिणो के द्वारा कोई पहल नही की गई हो। बलौदा एवं बम्हनीडीह ब्लाक को जोडने वाले ग्राम पंचायत कमरीद से लेकर ग्राम अफरीद को जोडने के लिए काफी समय पहले कच्ची सडक का निर्माण कार्य कराया गया है, लेकिन आज पर्यन्त कच्ची सडक पक्की में नही बदल पाया है। इस समस्या को लेकर ग्रामिणो के द्वारा कई बार गुहार भी उच्च अधिकारियो को लगाई जा चुकी है। इसी प्रकार बम्हनीडीह ब्लाक के ग्राम पंचायत पोडीशंकर से सक्ती जिले के जैजैपुर ब्लाक के ग्राम पंचायत बेलकर्री एवं आमगांव को जोडने वाली सडक कच्ची है। खासकर पोडीशंकर से ग्राम बेलकर्री के मध्य सोननदी वाले स्थान के पहले की सडक कच्ची है।



मुड़पार-कापन की कच्ची सड़क।

### क्या कहते है ग्रामीण

कच्ची सडक मार्ग से होकर आवागमन करने वाले ग्राम पंचायत मुडपार एवं ग्राम पंचायत कमरीद के ग्रामिण संतोष साहू, गणेश राम, राजेन्द्र कुमार, रमेश कुमार, बरसाती लाल, रामेश्वर यादव, रमेश यादव, भागवत प्रसाद, भरतलाल, प्रेमशंकर , टेकराम पटेल सहीत अन्य ग्रामिणो का कहना है कि गांवो को दुसरे गांव से जोडने आज पर्यन्त पक्की सडक नही बन पाई है। जिसके चलते इस मार्ग से होकर आवागमन करना कठिन होता है। इस समस्या को लेकर उच्च अधिकारियो को अवगत कराया जा चुका है।

### राशन कार्ड नवीनीकरण 30 जून तक कर सकते हैं आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** लोकसभा चुनाव होने के बाद और आचार संहिता खत्म होने के बाद फिर से राशनकार्डों में नवीनीकरण के लिए हितग्राहियों को एक और मौका दिया गया है। हितग्राहियों को नवीनीकरण के लिए लिंक 30 जून तक फिर से खोला गया है। जिन राशनकार्ड धारकों ने अभी तक अपना कार्ड को नवीनीकरण नहीं करवाया है वो स्वयं से मोबाइल एप डाउनलोड करके ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं या फिर पीडीएस दुकान में जाकर आवेदन दे सकते हैं। जिला खाद्य अधिकारी कौशल साहू ने बताया की जांजगीर-चांपा जिले में 92.67 प्रतिशत राशनकार्डो नवीनीकरण हो चुका है। सभी हितग्राही को अपना राशनकार्ड नवीनीकरण कराना अनिवार्य है। जिसके कारण पुराने राशन कार्ड धारकों को राशन नहीं मिल पाएगा जिससे उन्हें परेशानी हो सकती है.




## खबर संक्षेप

### आईटीआई पोड़ी-उपरोड़ा में प्रवेश हेतु आवेदन 3 तक आमंत्रित

**कोरबा।** शासकीय आईटीआई पोड़ी-उपरोड़ा में सत्र 2024-25 अंतर्गत व्यवसाय कोपा, आईओटी टेक्नीषियन (स्मार्ट एग्रीकल्चर) एवं आईओटी टेक्नीषियन (स्मार्ट हेल्थकेयर) में प्रवेष के इच्छुक अभ्यर्थी 3 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन/रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए विभागीय वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं।

### थमी लीलागर नदी अब बहने लगी

**हरदीबाजार।** इस वर्ष गर्मी अपने पूरे शबाब पर था, तापमान 45 डिग्री तक हो गया था, जिससे क्षेत्र का जलस्तर बहुत नीचे चला गया था। वहीं क्षेत्र से होकर बहने वाली लीलागर नदी की धारा थम गई थी और नदी में यदा कदा स्थानों पर कुछ पानी ठहरा हुआ था। जैसे ही मानसून ने अपनी दस्तक दी तो दो-तीन दिनों में हुई झमाझम बारिश से क्षेत्र की जीवनदायिनी लीलागर नदी में जान आई और धार बहने लगी।

### पहली बारिश से एनएच में जलभराव, घरों में घुसा पानी

**कोरबा।** एनएच ग्रामीणों की परेशानी का सबब बन गया है। एनएच ने सड़क का निर्माण तो कर दिया लेकिन बरसात में जमा होने वाले पानी की निकासी का इंतजाम करना भूल गया। यही वजह है कि पहली बारिश में ही लोगों को जलभराव से परेशान होना पड़ गया। दरसअल पाली के डूमरकछार में रात्रि बारिश होने के कारण ग्राम डूमरकछार ब्रिज के समीप निचली बस्तियों में पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने से घरों में पानी घुस गया। इस बारिश से डूमरकछार सहित अन्य निचली बस्ती में रहने वाले लोगों को परेशान होना पड़ा। यहां रहने वाले लोगों ने बारिश को लेकर घरों में किसी प्रकार के इंतजाम नहीं किए थे। तेज बारिश के बाद जब बस्ती के इन घरों में पानी घुसा तो घर गृहस्थी का सामान तक गीला हो गया। बाद में पाली तानाखार विधायक तुलेश्वर मरकाम ने एन एच ए आई को व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। जिसके बाद कर्मियों द्वारा नाली की सफाई व सड़क में जाम पानी को निकालने की व्यवस्था की गई।

### कलेक्टर ने जनचौपाल में सुनी आम नागरिकों की समस्याएं

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत ने सोमवार को जन चौपाल में लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने प्रकरण अनुसार संबंधित अधिकारियों को आवेदन प्रेषित करते हुए नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए हैं। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जन चौपाल में लोगों ने अलग-अलग समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदन दिया। अपनी अनाथ बहन को छात्रावास में दाखिला हेतु आवेदन करने पहुंची कुमारी राशी सूर्यवंशी ने जब कलेक्टर को बताया कि उसकी बहन दीपिका अनाथ है और वह हॉस्टल में रहकर आगे की पढ़ाई करना चाहती है, इसी तरह जनचौपाल में सुखबाई अपनी पुत्री संध्या सहिस को छात्रावास में दाखिला हेतु निवेदन किया तो कलेक्टर ने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग को निर्देशित कर छात्रावास में प्रवेश के निर्देश दिए। दुरपा की मेधावी छात्रा तस्मिया अंसारी ने अपनी आर्थिक स्थिति खराब होने की जानकारी देते हुए महाविद्यालय में प्रवेश की इच्छा जताई। कलेक्टर ने छात्रा की प्रतिभा को देखते हुए महाविद्यालय में प्रवेश की बात कही। जनचौपाल में कुल 63 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर जनचौपाल में कनकी के ग्रामीणों ने बड़े झाड़ के जंगल, चरई की भूमि को कब्जा से मुक्त कराने की मांग की।

### मॉब लिंचिंग की घटना के विरोध में कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** रायपुर के आरंग थाना क्षेत्र में महानदी के तट पर कुछ असामाजिक तत्वों ने गौ वंश की तस्करी का आरोप लगाते हुए उत्तरप्रदेश के तीन युवकों की बेराहमी से पीट पीट कर हत्या कर दो युवकों के शव को नदी में फेंक दिया। वहीं तीसरा युवक के इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना में पुलिस ने चार युवाकों को गिरफ्तार किया था लेकीन राजनितिक दबाव में उन चारों युवको को छोड़ दिया गया मसलन इस घटना में लिप्त युवकों के हौसले बुलंद हो गए है। इस घटना से राज्य के सर्व समाज में भारी आक्रोश पनप रहा है। असामाजिक तत्वों को तत्काल गिरफ़्तार कर सख्त सजा दी जाए ताकि ऐसी किसी घटना की पुनरावृत्ति ना हो सके। ज्ञापन सौंपने के दौरान मो आरिफ खान जिला सदर सुन्नी मुस्लिम जमात एवं मो रफीक मेमन जिला कार्यवाहक सदर सुन्नी मुस्लिम जमात उपस्थित रहे।

### सर्पदंश से दो की मौत

**कोरबा।** मानसून के साथ ही जहरीले जीव-जंतु बाहर निकलकर घूमने लगे हैं जिससे खतरा बढ़ गया है। जानकारी के अनुसार जिले के ग्राम पाली और हरदीबाजार क्षेत्र में एक युवक और बच्ची की सांप के डसने से मौत हो गई। पाली विकासखंड के ग्राम बनबांधा में बीती रात लगभग 8 बजे घटित हुई, यहां निवासरत राजू खैरवार 35 वर्ष नामक व्यक्ति को जहरीले सांप ने डस लिया। परिजन ने उसे पाली अस्पताल में भर्ती कराये लेकिन इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। इसी तरह हरदीबाजार के रामपुर गांव में निवासरत बीरबल मरावी की 5 वर्षीय पुत्री ज्ञानवी को सोते समय रात लगभग 2 बजे सांप ने डस लिया। परिजन को जानकारी होने पर उसे पाली अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसने भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

# रोजगार से विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों का होगा सामाजिक व आर्थिक विकास: लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

आज का दिन ऐतिहासिक है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खनन प्रभावित क्षेत्र के विकास के लिए डीएमएफ का प्रावधान किया था, आज इसका लाभ धरातल पर नजर आ रहा है। जिले के मूल निवासी पहाड़ी कोरवाओं और बिरहोरों को डीएमएफ से रोजगार मिलने जा रहा है, यह एक बड़ी उपलब्धि है। किसी भी परिवार में एक सदस्य को भी नौकरी मिल जाती है तो परिवार खुशहाली के रास्ते पर आगे बढ़ता है, ठीक रोजगार मिलने से पहाड़ी कोरवा तथा बिरहोर जनजाति समाज का आर्थिक तथा सामाजिक विकास होगा और वे विकास के रास्ते पर आगे बढ़ेंगे।

उक्त बातें उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय पहाड़ी कोरवा और बिरहोर जनजाति के 108 बेरोजगार युवाओं को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समारोह में प्रमाण पत्र प्रदान करने के दौरान कही। श्री देवांगन ने कहा कि डीएमएफ से मानदेय के आधार पर 79 विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार के युवाओं को भृत्य तथा 29 युवाओं को अतिथि शिक्षक के रूप में रोजगार प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों को विकास की राह पर आगे लाने निरंतर प्रयासरत हैं। प्रधानमंत्री जनमन योजना के माध्यम से उन्होंने पीवीटीजी निवासरत क्षेत्रों में बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया है। जिला खनिज न्यास मद से क्षेत्र का विकास होने के साथ ही रोजगार के अवसर भी पैदा हो रहे हैं। रोजगार प्राप्त करने वाले युवा अनावश्यक इस रोजगार को न छोड़ें और इससे अच्छा अवसर न मिलने तक मन लगाकर कार्य करें। इस दौरान कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला कंवर, महापौर राजकिशोर प्रसाद एवं कलेक्टर अजीत वसंत उपस्थित थे।

### 108 पहाड़ी कोरवाओं-बिरहोर युवाओं को मिली नियुक्ति



#### मानदेय में की गई वृद्धि

जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार के शिक्षित सदस्यों को नियुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने के साथ ही मुख्य अतिथि उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने स्कूलों में भृत्य और अतिथि शिक्षक के रूप में कार्य करने वाले युवाओं का मानदेय की राशि में दो-दो हजार रूपए वृद्धि का आग्रह किया। जिसे कलेक्टर ने सहर्ष स्वीकार करते हुए मानदेय में वृद्धि करने की बात कही। अब 6 हजार मानदेय के बदले 8 हजार, 8 हजार मानदेय के स्थान पर 10 हजार रूपए और 10 हजार मानदेय के स्थान पर 12 हजार रूपए दिया जाएगा।

## निजी स्कूलों में शासन की नि:शुल्क किताबों की हो रही आपूर्ति

# आज से खुलेंगे स्कूल, मनेगा शाला प्रवेशोत्सव, अब गणवेश का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्रीष्माकालीन अवकाश के बाद 26 जून से स्कूल खुलने जा रहे हैं। शाला प्रवेशोत्सव के बाद नए शिक्षण सत्र की शुरुआत होगी। शासन की निःशुल्क किताबें वितरण के लिए स्कूलों में पहुंचा दी गई है। परंतु गणवेश अभी भी शहर के साथ साथ ग्रामीण अंचलों के स्कूलों में वितरण के लिए नहीं पहुंचे हैं। इनकी आपूर्ति में एक पखवाड़े का समय लगने की जानकारी सामने आई है।

#### खास बात

- विकास खंड मुख्यालय से किताब वितरण की मांग की गई

निःशुल्क किताबें व गणवेश वितरण को लेकर जिला प्रशासन ने मई महीने के अंतिम सप्ताह से तैयारियां शुरु कर दी थी। पाठ्य पुस्तक निगम के बिलासपुर कार्यालय को स्कूलों से दर्ज संख्या लेकर किताबों के लिए डिमांड लेटर भेजा गया था। उसके हिसाब से किताबों की आपूर्ति स्कूलों में कर दी गई है। इसके अलावा गणवेश वितरण को लेकर जिला प्रशासन ने राज्य शासन को स्कूलवार छात्रों की दर्ज संख्या शासन को भेजी थी जिसमें जिले के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक स्कूल के छात्रों के संख्या का उल्लेख किया गया था। ताकि वितरण के समय कोई छात्र गणवेश के लिए वंचित न रहे। पूर्व में 16 जनू से स्कूल खुलने थे, जिसके मद्देनजर किताबों की आपूर्ति जन शिक्षा केंद्रों में सीधे पाठ्य पुस्तक निगम के द्वारा करा दी गई। किंतु ग्रीष्मकालीन अवकाश एक सप्ताह बढ़ाए जाने के कारण किताबों की आपूर्ति के लिए प्रशासन को एक सप्ताह का समय और मिल गया। लिहाजा ऐसे स्कूलों में भी किताबें पहुंच गई है जहां 16 जून तक किताबें नहीं पहुंची थी। किंतु गणवेश का वितरण अभी भी नहीं हो सका है। जिसके लिए 25 दिन पूर्व ही मांग पत्र भेजा जा चुका था। गणवेश को लेकर यह जानकारी मिली है कि राज्य शासन से ही आचार संहिता की वजह से आपूर्ति में देरी हो रही है।



फाइल फोटो

#### निजी स्कूल को जिला मुख्यालय में मिली किताबें

इस वर्ष से निजी स्कूल प्रबंधन को निःशुल्क किताबों के लिए पाठ्य पुस्तक निगम कार्यालय बिलासपुर नहीं जाना पड़ेगा। जिला मुख्यालय में किताबों का वितरण नहीं होने से निजी स्कूल प्रबंधन को बिलासपुर जाने की मजबूरी रहती है। वहीं सरकारी स्कूलों को जिले में ही पाठ्य पुस्तक निगम के द्वारा किताबों की आपूर्ति की जाती है। इस वर्ष जिला प्रशासन ने निजी स्कूल प्रबंधन को भी जिला मुख्यालय में ही किताबें मिलने की सुविधा दी है।

#### एक लाख 10 हजार छात्र

जिले के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक स्कूल में 1 लाख 10 हजार छात्र अध्ययनरत हैं। जिन्हें निःशुल्क किताबों के साथ गणवेश का वितरण किया जाना है। ग्रामीण अंचलों के स्कूलों को वितरण के लिए प्राथमिकता दी गई है। दूर दराज क्षेत्रों में स्थित होने के कारण हमेशा यहां किताबों और गणवेश का वितरण आधा सत्र गुजरने के बाद होता है। पूर्व में इसी तरह की स्थिति सामने आई थी। जिसके मद्देनजर इस वर्ष किताबों और गणवेश के वितरण को लेकर ग्रामीण अंचलों के उन स्कूलों को प्राथमिकता दी गई है जिनकी ब्लाक मुख्यालय से दूरी 50 किमी या उससे अधिक है। ऐसे स्कूलों की संख्या पोड़ी उपरोड़ा और पाली ब्लॉक में ज्यादा है।

#### दी जा रही हैं किताबें

नि:शुल्क किताबों का वितरण सभी सरकारी और निजी स्कूलों में शुरु हो गया है। जिला मुख्यालय के साथ ब्लॉक मुख्यालय में सभी किताबें पहुंचा दी गई है। गणवेश के लिए भी वितरण की कार्यवाही जल्द ही शुरु की जाएगी। गणवेश कुछ स्थानों में एक साथ पहुंच चुके हैं।

-**टीपी उपाध्याय**, डीईओ

# 352 श्रमिकों को आवास निर्माण के लिए सहायता राशि स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना के तहत वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन के निर्देश पर प्रदेश के कुल 352 श्रमिकों को 1-1 लाख रुपए सहायता राशि की स्वीकृति दी गई है। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को स्वयं के भू-खंड पर आवास अथवा नवीन आवास क्रय के लिए पात्र हितग्राहियों को मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना के तहत राशि दी जाती है। आचार संहिता के हटने के उपरांत वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने श्रम विभाग की बैठक लेकर सभी योजनाओं की समीक्षा की थी। समीक्षा बैठक में श्रम मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया था की मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना के पात्र हितग्राहियों को तत्काल राशि जारी करें। कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन के निर्देश पर प्रदेश भर के 352 हितग्राहियों को राशि स्वीकृत की गई। हितग्राहियों को डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में 1-1 लाख रुपए की राशि दी जाती है। श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने सभी जिलों के श्रम विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि इस योजना के तहत अधिक से अधिक पात्र श्रमिक हितग्राहियों को लाभ दिलवाएं। श्रमिकों को फॉर्म भरने और जमा करने में उनकी मदद करें।

#### खास बात

- श्रम मंत्री के निर्देश पर जारी की गई राशि

# उत्पादन सर्टिफिकेट के अभाव में 56 दिन से सिंघाली खदान में कोयला उत्खनन बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल कोरबा क्षेत्र के सिंघाली खदान को आचार संहिता समाप्त होने के बाद भी अब तक कोयला खनन के लिए छत्तीसगढ़ पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से सीटीओ का प्रमाण पत्र नहीं मिल सका है। खदान में लगभग 600 कोल कर्मी कार्यरत हैं। उक्त कर्मचारी 8-8 घंटे की तीन शिफ्टों में खदान में काम करते हैं। कुछ कर्मचारी खदान के कार्यालय में भी कार्यरत हैं। जब से खदान में काम बंद है तब से प्रबंधन को इन कर्मियों को बिना काम के वेतन देना पड़ रहा है। रोजाना आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ रहा है।

उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव में अधिकारियों की व्यस्तता के कारण सर्टिफिकेट मिलने में देरी हुई। लोकसभा चुनाव परिणाम आने के बाद 5 जून को चुनाव आयोग द्वारा आचार संहिता भी समाप्त कर दी गई। बावजूद इसके एसईसीएल को पाल्यूशन कंट्रोल बोर्ड से सीटीओ प्रमाण पत्र नहीं मिल रहा है। इससे सिंघाली में कोयला खनन का संकट पैदा हो गया है। एक तरफ हाजिरी लगाकर मजदूर काम किए बिना लौट जा रहे हैं तो दूसरी ओर उत्पादन नहीं होने से कंपनी की आर्थिक स्थिति खराब हो रही है। इस स्थिति में कंपनी को दो-दो मोर्चों पर नुकसान उठाना पड़ रहा है। खदान के भीतर पंप चलाने या इलेक्ट्रिक जैसे अन्य महत्वपूर्ण कार्यों के लिए ही कंपनी काम करा पा रही है। 28 अप्रैल से इस खदान से कोयला उत्पादन बंद है। सीटीओ प्रमाण पत्र राज्य पाल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की ओर से कोयला कंपनी को खनन के लिए दिया जाता है। यह प्रमाण पत्र हर साल रेन्यूअल होता है। वर्तमान में प्रमाण पत्र की वैधता 27 अप्रैल को खत्म हो चुकी है, तब से यहां से कोयला खनन बंद हो गया है। 56 दिन का समय बीत गया है लेकिन सीटीओ प्रमाण पत्र एसईसीएल को नहीं मिला है। इससे कंपनी का स्थानीय प्रबंधन परेशान है।



# रेलिंग से टकराई बाइक, ओवरब्रिज से नीचे गिरे दो युवक, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा





मृतक

दोस्त का जन्मदिन मनाकर वापस लौट रहे बाइक सवार दो युवक जैसे ही भैसमा रेलवे फाटक पर बनी ओवरब्रिज पर पहुंचे बाइक पर उनका नियंत्रण खो गया और तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक ओवरब्रिज के बाउंड्रीवाल से टकराकर 25 फीट नीचे जा गिरी। इस हादसे में बाइक सवार दोनों युवक की मौत हो गई।

घटना उरगा थाना क्षेत्र की है। पाली पडनिया निवासी आकाश 22 वर्ष और नितेश 26 वर्ष दोस्त का जन्मदिन मनाकर वापस लौट रहे की वे दोनों भैसमा रेलवे फाटक पर बनी ओवरब्रिज से 25 फिट नीचे गिर गए। देखते ही देखते राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। युवकों को जिंदा समझ कर 112 के माध्यम से अस्पताल के भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतक के चाचा रूप कुमार कंवर ने बताया कि आकाश का आज जन्मदिन है और वह अपने दोस्तों के साथ भैसमा के पास पिकनिक मनाने गया हुआ था। नितेश और आकाश दोनों ने उनसे घूमने जाने की बात कह कर बाइक मांगी। दोस्तों के साथ पिकनिक से वापस लौट रहे थे।



घटनास्थल में पड़े मृतकों के शव।

#### खास बात

- उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम कुकरीचोली के समीप हुई घटना

#### तेज रफ्तार बनी वजह

बाइक पुल के ऊपर पड़ी हुई थी, वहीं दोनों नीचे जा गिरे थे। दोनों के सिर पर गंभीर चोट आई। जिस वजह से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी उरगा थाना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस घटनास्थल पहुंच कर मामले की जांच शुरू की है।

### पुलिस ने 3 गुम इंसान को किया बरामद

**कोरबा।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के द्वारा सभी थाना व चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि गुम इंसान की दस्तयाबी के लिये तत्काल कार्यवाही करें। पुलिस अधीक्षक से प्राप्त निर्देशों के पालन के लिए 23 जून को कुल 3 गुम इंसान को दस्तयाब किया गया। जिसमें थाना कटघोरा, कोतवाली और सिविल लाइन से 1-1 गुम इंसान एवं बालिका को दस्तयाब किया गया। नाबालिकों के गुम होने के मामले को अति संवेदनशील और गंभीर मामला माना जाता है। अतः प्रत्येक मामले में नाबालिक का अपहरण होने की दृष्टिकोण से देखा जाकर तत्काल अपहरण के धारा 363 भादवि के अंतर्गत एफआईआर दर्ज किया जाता है।

# जगन्नाथ रथ यात्रा की तैयारी जोरों पर



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आषाढ़ माष में प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला रथयात्रा पर्व की तैयारियां शुरु हो गई है। जिले में दादरखुर्द की सबसे पुरानी रथ यात्रा का अपना एक अलग महत्व है। 7 जुलाई को रथ यात्रा का पर्व मनाया जाएगा। इस अवसर पर दादरखुर्द वार्ड के साथ बालको नगर उपनगरीय क्षेत्र में भी रथ यात्रा निकाली जाएगी। इसके लिए भगवान जगन्नाथ स्वामी के रथ को तैयार किया जा रहा है।

जिले में 6 जुलाई को रथ सजेगा और 7 जुलाई को रथ यात्रा निकाली जाएगी। जगन्नाथ मंदिर दादरखुर्द के पुजारी ने बताया कि 22 जून को भगवान जगन्नाथ, माता सुभद्रा और बलभद्र स्वामी का 51-51 मिट्टी के कलश से औषधीय स्नान कराने की परंपरा निभाई गई। महास्नान के बाद वे 14 दिनों के एकांत में चले चले गए हैं। मान्यता है कि भगवान जगन्नाथ बीमार हो जाते हैं और स्वास्थ्य लाभ लेने 14 दिनों के लिए एकांतवास में चले जाते हैं। इसके कारण श्रद्धालुओं को उनके दर्शन नहीं हो पाता है। भगवान जगन्नाथ 6 जुलाई को नेत्र उत्सव के साथ आम श्रद्धालुओं को दर्शन देने दर्शन मंडप में पधारेंगे। शहर से लगे हुए गांव दादर खुर्द में रथयात्रा की परंपरा 122 साल से नहीं टूटी है। अब शहर के लोग इसे छोटे पुरी के नाम से जानने लगे हैं। इस साल यह 123 वां आयोजन होगा, जब लगातार यहां से भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली जाएगी। रथ यात्रा की तैयारियां अंतिम चरण में है। आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष द्वितीया को रथजुतिया के नाम से कोरबा जिले के विभिन्न गांवों में रथ यात्रा निकाली जाती है। शहर के निकट स्थित ग्राम दादरखुर्द का रथयात्रा उत्सव जिले भर में प्रसिद्ध है। गांव के मंदिर में बलभद्र, सुभद्रा और जगन्नाथ स्वामी की प्रतिमा स्थापित है।

TOP IN JANJGIR
N·S·D·C National Skill Development Corporation
Approved By Nsdc Center No.69240
कोर्स
पैरामेडिकल एवं नर्सिंग के रोजगोरन्मुखी कोर्स
0 MPW - पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टी पर्पस हेल्थ वर्कर
0 OT - पोस्ट डिप्लोमा इन OT टेक्नीशियन
0 DMLT - डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन
0 EMT - पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन
0 डिप्लोमा इन नर्सिंग सुपरवाईजर
0 पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फिजिशियन एसिसटेंस
10वीं एवं 12वीं के छात्र एवं छात्राओं के लिए सुनहरा अवसर
प्रत्येक कोर्स के लिए 30-30 सीट उपलब्ध विभिन्न
एक वर्षीय कोर्स
अस्पतालों या पैथोलेब में कार्यरत विद्यार्थियों के पत्राचार एवं साप्ताहिक की सुविधा
सशुल्क पाठ्यक्रम
सम्पर्क करें- आकाश एजुकेशनल एकेडमी केरा रोड, रजनीश बुक डिपो के सामने तिवारी काम्प्लेक्स जांजगीर मो. नं. 8770638375, 8815467282

जाँजगीर मार्केट

गुप्त रोग
नामर्दी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु पतला, पेशाब के साथ धातु का गिरना, जलन छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग, इत्यादि सभी प्रकार के गुप्त रोग का इलाज किया जाता है। बिना आपरेशन अण्डकोष, बवासीर एवं भगंदर का गारंटी इलाज।
निःसंतान दंपति अवश्य मिले
मां दुर्गा क्लीनिक
डॉ. ए.के. विश्वास
स्टेशन रोड पी.डब्ल्यू.डी. ऑफिस के सामने गट्टानी लोहा बाड़ा के बगल, चाम्पा
मो.- 8269419396, 8670074465

प्रवेश प्रारंभ
YASH ITI
Lachhanpur Champa
N.C.V.T. and D.G.E.T. दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त
कोर्स: इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक, फिजियोथैरेपी, वेल्डर, हेल्थ इंस्पेक्टर, स्टेनोग्राफर हिन्दी
योग्यता: 10वीं पास
सुविधाएँ: 1. गर्ल्स हॉस्टल 2. Wifi Campus 3. छात्रवृत्ति सुविधा
संपर्क करें
सांई मंदिर के पास लछनपुर चांपा जांजगीर-चांपा
मो.- 98261-28690, 97533-79677

पैसे बीमारी ठीक होने के बाद
उम्र की अधिकता और बीपी, शुगर से आई कमजोरी, टायमिंग में कमी, शुक्राणु की कमी, निःसंतान आदि
SEX PROBLEM
सभी रोगों का विशेष आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज, मनचाहा पॉवर सफलता से प्राप्त करने हेतु संपर्क करें:-
धनवंतरी आयुर्वेदिक
खोखसा फाटक के पास, ओवरब्रिज के नीचे चांपा रोड जांजगीर
मोबा-8962743509



# मुंबई में पौधारोपण कराने निकले अक्षय कुमार

**मुंबई।** अभिनेता अक्षय कुमार अपनी व्यस्त दिनचर्या के बीच सोमवार 24 जून को मुंबई में पौधारोपण का काम कराने निकले। अभिनेता ने बीएमसी और एक एनजीओ के साथ मिलकर यह काम किया। अक्षय कुमार यूं तो इन दिनों अपनी आगामी फिल्मों की तैयारियों में जुटे हुए हैं। मगर, अपने व्यस्त शेड्यूल से समय निकालकर वे मुंबई में पौधारोपण करने निकले। खिलाड़ी ने बृहन्मुंबई नगर आयुक्त एवं प्रशासक भूषण गगरानी के साथ मिलकर मुंबई में पौधारोपण किया। बृहन्मुंबई नगर वृक्ष प्राधिकरण और मेक अर्थ ग्रीन अगेन फाउंडेशन के सहयोग से खेरवाड़ी (बांद्रा) में वेस्टर्न एक्सप्रेसवे के किनारे 200 बहावा पेड़ लगाए जाएंगे।

## लाइफ Style


# त्रिधा

## बैकलेस ड्रेस पहन मीका संग हुईं रोमांटिक

पॉपुलर सिंगर मीका सिंह के साथ 'आश्रम' की 'बबीता भाभी' यानी एक्ट्रेस त्रिधा चौधरी की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। जिसपर यूजर्स अलग-अलग रिएक्शन देते नजर आए। वेब सीरीज 'आश्रम' में 'बबीता'का किरदार निभाने वाली खूबसूरत एक्ट्रेस त्रिधा चौधरी अपने लुक्स से लोगों को दीवाना बनाए रखती हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हाल ही में एक्ट्रेस की कुछ बेहद हसीन तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। जिसमें वो पॉपुलर सिंगर मीका सिंह के साथ रोमांटिक होती नजर आई। मीका सिंह ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर त्रिधा चौधरी के साथ कुछ खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं।जिसमें दोनों एक-दूसरे की बाहों में पोज देते हुए दिखाई दिए। इन तस्वीरों में त्रिधा चौधरी रेड कलर की हॉट बैकलेस ड्रेस पहने हुए नजर आ रही हैं। उन्होंने बोल्ड मेकअप के साथ बालों को खुला छोड़ा है। वहीं, मीका ब्लैक कलर के कोट-पैंट में काफी डेशिंग लग रहे हैं। मीका सिंह और त्रिधा चौधरी की इन किलर तस्वीरों ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। हर कोई इनकी केमिस्ट्री की तारीफ करता हुआ नजर आया। हालांकि कुछ लोग त्रिधा की टांग खिंचाई भी करते दिखे। मीका सिंह और त्रिधा चौधरी की इन किलर तस्वीरों ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। हर कोई इनकी केमिस्ट्री की तारीफ करता हुआ नजर आया। हालांकि कुछ लोग त्रिधा की टांग खिंचाई भी करते दिखे। एक यूजर्स ने इन तस्वीरों पर कमेंट करते हुए लिखा, 'निराला बाबा को बताऊंगा..'। वहीं दूसरे ने लिखा, 'ये क्या हो रहा है।'




## हॉलीवुड मसाला



# बारटेंडर ने किया बड़ा खुलासा

**लॉस एंजिलिस।** 'फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स' स्टार जस्टिन टिम्बरलेक इन दिनों अपने टूर पर हैं। सूत्रों की मानें तो वे अपनी गिरफ्तारी से पहले सैग हार्बर के अमेरिकन होटल में दोस्तों के साथ शाम बिताई थी। जब पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया तब वे नशे की हालत में पाए गए थे, लेकिन गायक ने पुलिस को बार-बार यही कहा था कि उन्होंने सिर्फ एक मार्टिनी पीया है। जस्टिन टिम्बरलेक की गिरफ्तारी के मामले में अब एक नया मोड़ आया है।



# टेलर के कॉन्सर्ट में 'शेक इट ऑफ' पर किया डांस

**नई दिल्ली।** टेलर स्विफ्ट हॉलीवुड की जानी-मानी सिंगर हैं। उनके गाने फैंस को काफी पसंद आते हैं। शुक्रवार को इंग्लैंड के लंदन के वेम्बली स्टेडियम में सिंगर का एरास टूर था, जिसमें टॉम क्रूज, मिला कुनिस, एश्टन कुचर और प्रिंस विलियम समेत कई मशहूर हस्तियां शामिल हुई। इस दौरान वहां से प्रिंस का एक वीडियो अब सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक शख्स ने वीडियो शेयर किया है, जिसमें देखा जा सकता है कि कॉन्सर्ट के दौरान स्टेडियम में भीड़ नजर आ रही है। वहीं, स्टैंड में खड़े होकर प्रिंस विलियम टेलर के परफॉर्मेंस को एन्जॉय कर रहे हैं। सिर्फ इतना ही नहीं, वह वीडियो में डांस करते हुए और गाने को गाते हुए भी नजर आ रहे हैं।



# ओटीटी पर डेब्यू करने वाली हैं जैकलीन

**मुंबई।** जैकलीन फर्नांडीज हिंदी सिनेमा की कई फिल्मों में नजर आ चुकी हैं, लेकिन वह अभी तक एक सशक्त अभिनेत्री के रूप में अपनी पहचान स्थापित नहीं कर सकी हैं। अभिनेत्री इन दिनों अपनी डेब्यू ओटीटी सीरीज को लेकर व्यस्त चल रही हैं। उन्हें उम्मीद है कि वह बतौर अभिनेत्री इस सीरीज से दर्शकों के बीच अपनी एक पुख्ता पहचान बना पाएंगी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक,अभिनेत्री की इस डेब्यू वेब सीरीज को जियो सिनेमा ने आर्थिक रूप से समर्थन दिया है, जिसका शीर्षक 'गोट' रखा गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस म्यूजिकल ड्रामा की शूटिंग लगभग समाप्त हो चुकी है। जैकलीन की इस डेब्यू सीरीज का पूरा नाम 'ग्रेटेस्ट् ऑफ ऑल टाइम्स' है। इसमें मुख्य अभिनेता के तौर पर नील नितिन मुकेश भी नजर आने वाले हैं।



# उखड़े-उखड़े से लगे सलमान ...

**नई दिल्ली।** सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल अब एक - दूसरे के हो गए हैं। कपल अपनी शादी को लेकर इन दिनों खबरों में बना हुआ है। 23 जून का कोर्ट मैरिज करने के बाद कपल ने उसी शाम को बॉलीवुड सितारों के लिए पार्टी रखी। जहां अनिल कपूर, रेखा, काजोल से लेकर अन्य सितारों ने शिरकत की। पार्टी में सोनाक्षी के करीब स्टार सलमान खान और पक्की सहेली हुमा कुरैशी भी शामिल हुईं। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल शादी की पार्टी के दौरान सलमान खान ब्लैक आउटफिट में शामिल हुए थे। कड़ी सुरक्षा के बीच आधी रात को पार्टी में शानदार एंट्री की। हालांकि, इस दौरान सलमान ने फोटो क्लिक करवाने और पोज देने से परहेज किया। रिपोर्ट्स की मानें तो वे बस थोड़ी देर के लिए आए और सीधे अपनी गाड़ी में जाकर बैठ गए।

## टीवी मसाला



# श्रुति और अनुज को दूर कर रही है अनुपमा?

**नई दिल्ली।** आने वाले एपिसोड में अनुपमा को पता चल ही जाएगा कि उसकी स्पाइस एंड चटनी में कॉकरोच कौन डाला था। श्रुति ने इस विवाद में क्या भूमिका निभाई थी। अनुपमा के साथ ही साथ इस बारे में अनुज को भी पता चल जाता है। वहीं, श्रुति इस सच को स्वीकार करते-करते एक ऐसे सच का भी खुलासा करेगी, जिसे सुनकर अनुपमा के पैरों तले जमीन खिसक जाएगी। अनुपमा को कॉकरोच की घटना में श्रुति की भूमिका के बारे में पता चलता है। इस घटना ने उसका करियर बर्बाद कर दिया था। अनुपमा श्रुति की मिसेज स्मिथ से बातचीत सुन लेगी। यह जानने पर, वह श्रुति से भिड़ेगी और उससे इस गंदे काम के पीछे का कारण पूछेगी। वह यह भी बताएगी कि ऐसा करके श्रुति ने उसके करियर, उसके आत्मविश्वास और बहुत कुछ को निशाना बनाया है। अनुपमा की सारी बातें सुनकर श्रुति को गुस्सा आएगा। वह उसे जवाब देने के लिए ऐसे -ऐसे खुलासे करेगी जिसे सुनकर अनुपमा एक बार फिर से बिखर जाएगी।

## 'बिग बॉस ओटीटी 3' की शुरुआत के साथ ही मचा बवाल, लवकेश से भिड़े रणवीर


**नई दिल्ली।** मशहूर रियलिटी शो 'बिग बॉस ओटीटी 3' की धमाकेदार शुरुआत हो चुकी है। बीते दिन इसके ग्रैंड प्रीमियर पर शो के नए होस्ट अनिल कपूर ने 16 प्रतिभागियों का स्वागत किया। वहीं, तीसरे सीजन के पहले दिन ही बीबी



हाउस में दो बड़ी लड़ाई देखने को मिली। लाइव फीड से एक वीडियो सोशल मीडिया पर ताबड़तोड़ वायरल हो रहा है, जिसमें रणवीर शौरी और लवकेश कटारिया के बीच जबरदस्त जुबानी जंग देखने को मिल रही है। वीडियो में देखा जा रहा है कि लवकेश कटारिया के जरिए सोफे पर पैर रखे जाने से रणवीर शौरी अपना आपा खो बैठते हैं। लाइव फीड के मुताबिक, रणवीर और अन्य लोगों को लिविंग एरिया में सामान्य बातचीत करते देखा गया।

# शत्रुघ्न को भी मुस्लिम एक्ट्रेस से हुआ था प्यार

**नई दिल्ली।** सोनाक्षी सिन्हा मुस्लिम बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल संग शादी कर ट्रोल हो रही हैं। हालांकि एक्ट्रेस के पिता शत्रुघ्न सिन्हा भी कभी मुस्लिम लड़की से इश्क कर बैठे थे। लेकिन फिर इस वजह से पूनम को बनाया था जीवनसाथी। बेटी की शादी में पापा शत्रुघ्न भी बेहद खुश नजर आए। हालांकि कुछ दिन पहले दिग्गज अभिनेता ने ये कहा था कि आजकल के बच्चे शादी के लिए परमिशन नहीं लेते हैं। जिसके बाद लोगों को लगने लगा था कि शत्रुघ्न अपनी बेटी सोनाक्षी के मुस्लिम लड़के से शादी के फैसले से खुश नहीं हैं।



वैसे शत्रुघ्न सिन्हा भी एक मुस्लिम एक्ट्रेस से इश्क कर बैठे थे। शत्रुघ्न सिन्हा भी अपनी जवानी के दिनों में एक मुस्लिम एक्ट्रेस से दिल लगा बैठे थे। इस एक्ट्रेस का रियल नाम सायरा है। सायरा के पिता मुस्लिम थे और मां हिंदू थीं। सायरा के मां-बाप का तलाक हो गया था। इसके बाद सायरा की मां ने अपने बच्चों का नाम हिंदू कर दिया और सयारा का नाम रूपा हो गया। रूपा जब फिल्मों में आईं तो मेकर ने उनका नाम बदलकर रीना रॉय कर दिया। 70 के दशक में रीना रॉय और शत्रुघ्न सिन्हा का करियर एक साथ ही चमका था।

# फिल्मों में आने से पहले नेशनल लेवल की खिलाड़ी थीं अभिनेत्री किरण खेर

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री और राजनेता रहीं किरण खेर आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने हिंदी सिनेमा की कई यादगार फिल्मों में काम कर अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाया है। किरण खेर एक्टिंग के साथ-साथ अपने तेज तर्रार अंदाज के लिए भी जानी जाती हैं। सिख परिवार में जन्मी एक्ट्रेस का 14 जून को 72वां जन्मदिवस है। आज भी उनके फैंस उन्हें फिल्मों में देखना का इंतजार करते हैं। हालांकि, अब उन्होंने इंडस्ट्री से दूरी बना ली है।

***पंजाबी फिल्म से की करियर की शुरुआत :*** 14 जून, 1952 को चंडीगढ़ के जाट सिख परिवार में किरण संधू के नाम से जन्मी किरण खेर ने पंजाबी फिल्म 'आसरा प्यार दा' से 1983 में अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की। हालांकि, पहले वह सुनील दत्त की एक फिल्म में काम करने वाली थीं, लेकिन बाद में उसे आर्थिक दिक्कतों की वजह से बंद कर दिया गया था। ऐसे में काफी समय तक एक्ट्रेस मुंबई में काम के लिए संघर्ष करती रहीं और फिर उनके हाथ यह पंजाबी मूवी लगी।



इस फिल्म के बाद किरण ने सिनेमा से लम्बा ब्रेक किया और 1996 में पेस्टनजी के साथ वापसी की। इस मूवी में उन्होंने छोटे से किरदार में अनुपम खेर के साथ काम किया और इसके बाद कुछ टीवी शो को होस्ट भी किया। सही मायनों में उनकी वापसी श्याम बेनेगल की फिल्म सरदारी बेगम से हुई थी।

### दीपिका के पिता के साथ खेला बैडमिंटन

फिल्मी करियर शुरू होने से पहले किरण खेर एक्टिंग के साथ-साथ स्पोर्ट्स में भी काफी एक्टिव रही हैं। उन्होंने फर्स्टपोस्ट को दिए एक इंटरव्यू में बताया था कि मेरी बहन और मैंने प्रकाश पादुकोण (दीपिका पादुकोण के पिता और दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी) और उनके साथियों के साथ देश के लिए बैडमिंटन खेला है। मैं स्कूल और कॉलेज के दौरान एक ऑल राउंडर थी।

### अनुपम खेर से की दूसरी शादी

किरण खेर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी काफी सुर्खियों में रही हैं। उन्होंने पहली शादी गौतम बेरी से की थी, लेकिन वो शादी कुछ सालों तक ही चल पाई और दोनों का तलाक हो गया। पहली शादी से किरण के बेटे सिकंदर का जन्म हुआ। इसके बाद एक्ट्रेस ने अनुपम खेर से शादी की। अनुपम भी उस वक्त संघर्षरत अभिनेता था। दोनों चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के दिनों से एक-दूसरे को जानते थे। दोनों ने चांदपुरी की चम्बाबाई नाटक में भी काम किया था।

# परदे पर असली डॉन का किरदार निभा चुके हैं ये कलाकार

***नई दिल्ली।*** *फिल्मी परदे पर अक्सर कई कलाकारों को असल जिंदगी के किरदारों को निभाते हुए देखा जाता हैं। दर्शकों का मजा तब दोगुना हो जाता है, जब कोई असली डॉन के किरदार में दिखाई देता है। हिंदी सिनेमा में अपराध जगत की दुनिया के कई डॉन पर फिल्में बनाई जा चुकी हैं, जिनमें कई दिग्गज सितारों ने काम किया था। इमरान हाशमी, इम्तियाज अली, अर्जुन रामपाल और जॉन अब्राहम को भी परदे पर डॉन का किरदार करने का मौका मिल चुका है।*




### इमरान हाशमी

इमरान हाशमी ने 'वन्स अपॉन ए टाइम इन मुंबई' में अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम का किरदार निभाया था। इस फिल्म का निर्देशन मिलन लुथरिया ने किया था। फिल्म 2010 में रिलीज हुई थी। इसी फिल्म में अजय देवगन ने हाजी मस्तान का रोल अदा किया था। फिल्म में प्राची देसाई और कंगना ने भी काम किया था।




### इम्तियाज अली

जब वी मेट, सोचा ना था, जब हैरी मेट सेजल, रॉकस्टार और तमाशा समेत कई फिल्मों का निर्देशन करने वाले इम्तियाज अली भी फिल्मी परदे पर डॉन की भूमिका निभा चुके हैं। बहुत कम लोग जानते होंगे कि उन्होंने अनुराग कश्यप द्वारा निर्देशित फिल्म 'ब्लैक फ्राइडे' में याकूब मेमन का किरदार निभाया था। यह फिल्म साल 1993 में हुए मुंबई बम धमाकों पर आधारित है।



### अर्जुन रामपाल

साल 2017 में एक फिल्म आई थी, जिसका नाम था- 'डैडी'। इस फिल्म में अर्जुन रामपाल अरुण गवली के किरदार में नजर आए थे, जो गैंगस्टर से नेता बनता है। यह एक क्राइम ड्रामा फिल्म है। इसका निर्देशन असीम अहलूवालिया ने किया था। फिल्म में ऐश्वर्या राजेश, निशिकांत कामत, अनुप्रिया गोएनका, फरहान अख्तर और श्रीकांत यादव ने भी अभिनय किया था।



### जॉन अब्राहम

जॉन अब्राहम एक्शन फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने 'शूटआउट एट वडाला' फिल्म में डॉन मान्या सुर्वे का रोल अदा किया था। यह फिल्म मान्या सुर्वे के मुंबई पुलिस द्वारा किए गए एनकाउंटर की कहानी पर आधारित है। इस फिल्म का निर्देशन संजय गुप्ता ने किया था। इसे साल 2013 में रिलीज किया था। फिल्म में मनोज बाजपेयी, तुषार कपूर, सोनू सूद, रोनित रॉय, महेश मांजरेकर, जैकी श्रॉफ और कंगना ने भी अभिनय किया था।

## खबर संक्षेप

### श्री खाटू श्याम के विग्रह को बाजे-गाजे के साथ कल ले जाया जाएगा लक्ष्मी नारायण मंदिर



**अकलतरा।** नगर में नवनिर्मित श्री श्याम मनोहर मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के लिए नगर के श्याम परिवार के सदस्य श्री खाटू श्याम का विग्रह लेने के लिए राजस्थान गए हुए हैं। 27 जून को श्याम परिवार के सदस्यों एवं नगर वासियों के द्वारा श्री खाटू श्याम के विग्रह को गाजे बाजे के साथ कार एवं बाइक रैली निकालकर रेलवे स्टेशन से पानी टंकी के पास स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर ले जाया जाएगा। श्री श्याम मनोहर मंदिर में प्राण प्रतिष्ठासमारोह कार्यक्रम का आयोजन आगामी 7 जुलाई से 12 जुलाई तक आयोजित है, जिसमें बाबा श्याम, हनुमान जी एवं शिव परिवार के श्री विग्रहों का मंगलमयी स्थापना कार्य किया जाना है। प्राण प्रतिष्ठा विधान वृंदावन के आचार्य श्री कृष्ण चंद्र शास्त्री जी के द्वारा वैदिक विधि से किया जाएगा। श्याम प्रेमी विग्रह एवं श्याम ज्योति को लेकर 27 जून को प्रातः 9 बजे अकलतरा लौटेगा। श्याम परिवार एवं नगर वासी पंचमुखी हनुमान मंदिर से कार एवं बाईक रैली के साथ गाजे बाजे से लक्ष्मी नारायण मंदिर तक आएंगे। श्याम परिवार अकलतरा ने सभी भक्तों से इस अवसर पर उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### सेजेस हसौद में आज मनाया जाएगा शाला प्रवेशोत्सव

**हसौद।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय हसौद में शाला प्रवेशोत्सव मनाने हेतु प्राचार्य गिरधारी नारायण साहू की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमे पालकगण, एसएमडीसी के सदस्य एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित हुए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 26 जून को प्रातः 10 बजे से शाला प्रवेशोत्सव मनाया जाएगा। शाला प्रवेशोत्सव में विद्यार्थियों को तिलक लगाकर पाठ्यपुस्तक वितरण किया जाएगा।

### मतदाता अभिनंदन यात्रा लोकसभा क्षेत्र जांजगीर चांपा के संयोजक बने कृष्णकांत

**सक्ती।** भाजपा सक्ती जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा को जांजगीर चांपा लोकसभा क्षेत्र के मतदाता



अभिनंदन यात्रा कार्यक्रम का संयोजक बनाया गया है । इसकी घोषणा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह द्वारा की गई है। लगातार तीसरी बार देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए की सरकार बनने पर मतदाताओं के सम्मान के लिए भारतीय जनता पार्टी द्वारा मतदाता अभिनंदन यात्रा कार्यक्रम किया जायेगा है। यह कार्यक्रम 27 जून से 14 जुलाई तक चलाया जाएगा।

### शासकीय एमएमआर कॉलेज में मनाया गया योग दिवस



**चांपा।** शासकीय एम.एम.आर. स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस प्राचार्य डॉ. बी.डी. दीवान के मुख्य अतिथ्य में मनाया गया। अन्तर्राष्ट्रीय दिवस पर थीम महिला सशक्तिकरण के लिए योग पर आधारित था। कार्यक्रम में योग के व्यवहारिक पहलू पर प्रो. आर.आर. साहू द्वारा कराया गया। तत्पश्चात योग के विभिन्न व्यायाम को सेवानिवृत्त क्रीड़ाधिकारी एच.आर. पटेल द्वारा कराया गया। योग कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. बी.के. डहरिया, डॉ. बी. आर. महिपाल, डॉ. व्ही. एम. दांडेकर, प्रो. मीनाक्षी चंद्रा, प्रो. निलिमा पाण्डे, प्रो. विवेक जायसवाल, प्रो. अनुराधा राठौर, प्रो. हंसराज, एस. के. राठौर, एच.पी. पैकरा, जे.के. दीवान महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में शामिल होकर योगाभ्यास किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन एन.एस.एस. अधिकारी डॉ. डी.एन. बंजारे द्वारा किया गया।

## ऑडिटोरियम भवन में कार्यशाला, पुलिस अधीक्षक ने नए कानूनों की दी जानकारी

# नवीन कानून संहिता लागू होने से आपराधिक व्यक्तियों के विरूद्ध होगी कठोर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय स्थित जिला पंचायत के पास ऑडिटोरियम भवन में 1 जुलाई 2024 को लागू होने वाले नये कानून के संबंध में मंगलवार 25 जून को कार्यशाला आयोजित किया गया। नए कानून लागू होने से जहां आम जनता को पारदर्शि एवं त्वरित न्याय मिलेगा, वहीं आपराधिक व्यक्तियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही होगी।

कार्यशाला में जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास नारायण कश्यप, अकलतरा विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह, जांजगीर-नैला नगर पालिका अध्यक्ष भगवानदास गढ़वाल, नगर पालिका अध्यक्ष चांपा जय थवाईत, कलेक्टर आकाश छिकारा एवं पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला की उपस्थिति में जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारी, अधिवक्ता गण, पत्रकारगण, नागरिक गण एवं छात्र-छात्राएं को जानकारी दी गई। विधायक ब्यासनारायण कश्यप ने कहा कि नवीन कानून संहिता लागू होने से आम नागरिकों को पारदर्शी एवं त्वरित न्याय व्यवस्था प्रदान करने के साथ ही आपराधिक व्यक्तियों के विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही कर पीड़ति को न्याय दिलाया जा सकेगा। नवीन कानूनों का पालन करना हम सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है। विधायक अकलतरा राघवेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि इस नये कानून के लागू होने से कम समय में न्याय मिलेगा। पुराना कानून ब्रिटिश काल का है इसकी व्यवस्था पुरानी हो गई थी जिसे अब अपडेट किया गया है। उन्होंने कहा कि समय के साथ साथ हमें भी नवीन कानूनों के संबंध में अपडेट होना चाहिए। कलेक्टर आकाश छिकारा ने कहा कि 1 जुलाई 2024 से नये कानून लागू हो रहे हैं। इसके संबंध में अधिकारियों के साथ ही नागरिकों को जानकारी होना चाहिए। एक जुलाई से भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 प्रभावी होंगे। इसका उद्देश्य आमजनता को त्वरित रूप से न्याय दिलाकर राहत प्रदान करना है, इसलिए नवीन कानून के बारे में जानकारी होना बहुत आवश्यक है। सभी के लिए आवश्यक है कि स्वयं भी इन कानूनों को समझें तथा दूसरों को भी जागरूक करें। पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला ने नए कानून के संबंध में प्रेजेन्टेशन के माध्यम से विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम में दंड के स्थान पर न्याय को प्राथमिकता, तकनीक का समावेश तथा नए प्रावधानों को रेखांकित किया गया है। उन्होंने बताया कि नए कानून में भारतीय दण्ड संहिता 1860 के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता 2023 को अधिसूचित किया गया है। इसी तरह दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 के स्थान पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 के स्थान पर भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 को अधिसूचित किया गया है। नए कानून का मुख्य उद्देश्य औपनिवेशिक कानूनों में बदलाव, नागरिक केन्द्रित एवं कल्याणकारी अवधारणा, महिला सुरक्षा एवं न्याय, अनुसंधान में वैज्ञानिक तकनीक, डिजीटल एवं इलेक्ट्रानिक साक्ष्य के प्रावधान, उचित नियंत्रण एवं संतुलन के साथ पुलिस का सामन्जस्यपूर्ण सशक्तिकरण और समयबद्ध प्रक्रिया, साक्ष्य संग्रह और प्रस्तुति की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के साथ ही मूल्यांकन में पारदर्शिता और निष्पक्षता को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर दुर्गा प्रसाद अधिकारी, अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र जायसवाल, सभी एसडीएम, एसडीओपी सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं आम नागरिक उपस्थित थे।



कार्यशाला में जानकारी देते जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी।

# केसला में बार-बार बिजली बंद होने पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने जिला अंतर्गत प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्य और विभागीय कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने ग्राम केसला में बार-बार तथा लंबे समय तक बिजली बंद होने पर कड़ी नाराजगी जताई।



कलेक्टर ने विद्युत विभाग के उपस्थित अभियंता को ग्राम केसला सहित अन्य आवश्यक क्षेत्रों पर विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए है। बैठक में जिला कोषालय अधिकारी द्वारा वर्षा होने पर जिला कोषालय कार्यालय में पानी भर जाने की समस्या बताया गया। जिस पर कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग को त्वरित रूप से इस समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने जिले में खाद व बीज भंडारण एवं वितरण की समीक्षा कर पर्याप्त खाद-बीज भंडारण रखे जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के किसानों को खाद-बीज प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने खाद-बीज की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए सभी सोसायटी में आवश्यकतानुसार खाद बीज की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। बैठक में कलेक्टर ने 26 जून को शाला प्रवेशोत्सव के लिए की गई तैयारियो की जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी से लिए तथा सभी आवश्यक तैयारिया सुनिश्चित करने कहा। शाला प्रवेशोत्सव के तैयारियों की समीक्षा करते हुवे स्कूलों में शाला प्रवेशोत्सव के दौरान गणवेश व पाठ्यपुस्तक का भी वितरण पात्र को कराए जाने कहा। कलेक्टर ने शासन के निर्देशानुसार 26 जून को शाला प्रवेशोत्सव का व्यवस्थित आयोजन कराए जाने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही कलेक्टर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना के पूर्ण, अपूर्ण, प्रगतिरत कार्य सहित अद्यतन स्थिति की जनपदवार जानकारी ली। उन्होंने मनरेगा अंतर्गत संचालित कार्यों की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने धान बोनस वितरण वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 में शेष बचे किसानो की संख्यात्मक जानकारी ली तथा तहसीलदारों को गावों में बचे हुए किसानो को भुगतान कराने के लिए कोटवारों के माध्यम से मुनादी कराते हुए जल्द बोनस राशि भुगतान कराये जाने के निर्देश दिए।

- टीएल बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के कार्यों की विस्तार से की समीक्षा

# ब्लैक स्पॉट का चिन्हांकन कर लगाएं चेतावनी बोर्ड



**सक्ती।** कलेक्टर अमृत विकास तोपनो की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के क्षेत्र में ब्लैक-स्पॉट,अन्य दुर्घटना संभावित सड़क या स्थान का चिन्हांकित करना, राष्ट्रीय राजमार्ग मुख्य मार्ग में आवश्यकता अनुसार चेतावनी व सूचनात्मक बोर्ड लगाया जाना, तेज व खतरनाक रूप से वाहन संचालन एवं यातायात नियमों का उल्लंघन पर रोक लगाना, सड़क सुरक्षा के प्रति जन जागरुकता अभियान, स्कूल-कॉलेज में यातायात नियमों को बढ़ावा देने हेतु जागरुकता अभियान चलाना, स्कूल बसों की चेकिंग सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिये गये गाईड लाईन अनुसार 16 बिंदुओं पर करना, नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाना, आवारा पशुओं से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए उपाय करना, मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही करना, ट्रेफिक व्यवस्था सुनिश्चित करने सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा करते हुए कार्यवाही के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती रमा पटेल, जिला परिवहन अधिकारी गौरव साहू सहित समिति के संबंधित सदस्य उपस्थित थे ।

# आपातकाल का दौर देश के इतिहास में काला अध्याय : कौशिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

भाजपा जिला कार्यालय में मीसाबंदियों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व नेता प्रतिपक्ष व विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि आपातकाल का दौर देश के इतिहास में आज तक का सबसे काले अध्याय के रूप मे साबित हुआ। उस समय देश के हजारो लाखो बेकसूर लोगों को इन्दिरा गांधी ने जेल मे बंद कर दिया। जनसंघ के हजारों कार्यकर्ताओ को कई महिनो तक जेल मे बंद कर यातनाएं दी गई। इससे कई लोगों की जेल मे मृत्यु हो गई, 34000 मीसा बंदियो को गिरफ्तार किया गया। अटल, अडवाणी, जार्ज फर्नांडीस, श्यामानंद शर्मा जैसे बड़े नेताओ को जेल मे बंद कर दिया गया। उन्होंने कहा कि हमारे लोकतंत्र सेनानियो की कुर्बानी व त्याग के कारण हम आज विकसित भारत का सपना देख रहे है सभी मीसाबंदी हमारी पूंजी है और इनका सम्मान हमारे दिलो में है। कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष गुलाब चंदेल ने सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे लोकतंत्र सेनानी के बलिदान व त्याग को देश भूल नहीं सकता। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री पुरूषोत्तम शर्मा ने किया। कार्यक्रम में अंबेश जांगड़े, दिनेश सिंह, अरूण झाझडिया, नंद चौधरी, रमेश वैष्णव, गुरूदयाल पाटले, राजाराम सिंहानी, महादेव नेताम, आशु गोस्वामी, राजशेखर सिंह, सनत पांडे, मंगतूराम शर्मा, अनुराधा शुक्ला, संतोषी दुबे, मोतीलाल डहरिया, बद्री केशरवानी, खमहन तिवारी, सुमित प्रताप सिंह, पंकज अग्रवाल, अमित यादव, परमेश्वर राठौर, नंदनी राजवाडे, मोहन यादव, प्रदीप सोनी अनिल शर्मा प्रेमलता कौशिक धर्मेंद्र राणा उमेश राठौर, पुष्पेनदर निर्मलकर शिवचमन सिंह, शिशुपाल सिंह सहित कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे


- भारतीय जनता पार्टी ने किया लोकतंत्र सेनानियो का सम्मान



लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान करते पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री कौशिक एवं अन्य।

# दलहा पहाड़ में लगा बैरियर, आने जाने वाले लोगों का रिकॉर्ड दर्ज करना प्रारंभ

**अकलतरा।** 18 जून को दलहा पहाड़ की चोटी पर स्थापित बजरंगबली के मंदिर पर सामाजिक तत्वों के द्वारा तोड़फोड़ किए जाने के बाद क्षेत्र वासियों के द्वारा दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर क्षेत्र वासियों के द्वारा थाने का घेराव किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन एवं पुलिस के क्षेत्र वासियों की बैठक आयोजित कर समझाइश दी गई थी। बैठक के दौरान एसडीएम विक्रांत अंचल के द्वारा थाना प्रभारी को दलहा पहाड़ के केरचूआं स्थित मुनि आश्रम में सीसीटीवी कैमरा एवं बैरियर लगाकर दल्हा पहाड़ आने जाने वाले लोगों का रिकॉर्ड रजिस्टर में दर्ज करने निर्देशित किया गया था। वन विभाग के द्वारा आज से मुनि आश्रम के आगे दलहा पहाड़ चढ़ने के रास्ते पर बैरियर लगाकर आने जाने वाले लोगों का रिकॉर्ड दर्ज करने के लिए चौकीदार की ड्यूटी प्रारंभ कर दी गई। डिप्टी रेंजर विजेंद्र सिंह ने बताया कि एसडीएम के निर्देश पर वन विभाग द्वारा मुनि आश्रम के आगे बैरियर लगाकर चौकीदार नियुक्त कर दिया गया है जो आने जाने वाले लोगों का रिकॉर्ड रजिस्टर्ड में दर्ज करेगा। सीसीटीवी कैमरा के बारे मे उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# बंदियों को दी गई खेती किसानी की जानकारी

**बहेराडीह।** किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव केंद्रीय जेल अम्बिकापुर में बंदियों को खेती किसानी के गुर सिखाए। उद्यमिता विकास को लेकर आधा दर्जन जिले के बंदियों को जैविक कृषि का लाभ और खेती तथा पर्यावरण और मानव जीवन पर होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी।

उल्लेखनीय है कि सेंट्रल बैंक ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान सरगुजा द्वारा अम्बिकापुर स्थित केंद्रीय जेल में दस दिवसीय सब्जी खेती व नर्सरी प्रबंधन का निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सालों से बंदी छत्तीसगढ़ राज्य के अलग अलग जिलों के बन्दियों को मास्टर ट्रेनर व वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह के संचालक दीनदयाल यादव द्वारा बंदियों को सब्जी नर्सरी का महत्व, व्यवसायिक खेती, छत पर बागवानी आदि के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस छत्तीसगढ़ राज्य आरसेटी के कंट्रोलर अरुण कुमार सोनी के निर्देशन में बिलासपुर से ईडीपी असेसर अजित भट्टाचार्य, दुर्ग से डोमिन असेसर श्रीमती जागृति साहू द्वारा संस्थान के डायरेक्टर श्याम गुप्ता, फैकेल्टी तम्मन्ना और जेल प्रबंधन के सहयोग से असेसमेंट किया गया।



# ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र में मनाया गया आध्यात्मिक ज्ञान दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय 'त्रिमूर्ति शिव भवन' सेवा केंद्र श्री राम चौक पुरानी बस्ती मे आध्यात्मिक ज्ञान दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेवाकेंद्र प्रभारी बी के भुवनेश्वरी ने बताया कि मातेश्वरी जगदम्बा ब्रह्माकुमारी संथा की प्रथम मुख्य प्रशाशिका थी। मातेश्वरी जगदम्बा का जन्म 1919 मे अमृतसर मे एक सामान्य परिवार मे हुआ था। उनके बचपन का नाम 'ओम राधे' था।जब मातेश्वरी जगदंबा ओम ' का ध्वनि का उच्चारण करती थी,तो पूरे वातावरण मे गहन शांति छा जाती थी इसके चलते वे 'ओम राधे' के नामे से लोकप्रिय हुयी। मातेश्वरी जगदम्बा का व्यक्तित्व समस्त नारी जगत के लिए प्रेरणा की स्त्रोत थीं। जिस समय नारियों को घर से बाहर निकलने की अनुमति नही होती थी,उस समय मातेश्वरी जगदम्बा अध्यत्मिक शक्ति द्वारा मानवता की सेवा का पथ चुना। उन्होंने ने अपने त्याग ,तपस्या और सेवा से समस्त मानव समुदाय को जीवन मुक्ति की राह दिखाई तथा नारियों को अध्यात्म के पथ पर चलते हुये समाज की सेवा के लिए प्रेरणा प्रदान किया। उन्होंने भारतीय संस्कृति, सभ्यता एवं मानवीय मूल्यो के आध्यात्मिक शिक्षा को विश्व के 140 देशो मे पहुँचाया । मातेश्वरी जगदम्भा आधुनिक युग की चैतन्या देवी थी। उन्होंने 24 जून को 1965 को अपने नस्वर देह का त्याग करके संपूर्णता को प्राप्त किया था।इस दिवस को ब्रह्माकुमारी संस्थान के देश ,विदेश के सदस्य 'आध्यत्मिक ज्ञान दिवस' के रूप मे मना रहे है। कार्यक्रम में बी के रतन सिंह चंदेल,रामाधार, राम कुमार ,सुमित, रोहित ,सोनू,राजेश कुमार एवं संस्था के सदस्य उपस्थित थे।


आध्यात्मिक कार्यक्रम में उपस्थित ब्रह्माकुमारी एवं सदस्य।

# नेशनल कराते चेम्पियनशिप में खिलाड़ियों ने जीता गोल्ड मैडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

सोतोकान कराते दू इंडियन एसोसिएशन के तत्वावधान में आल इंडिया कराते चैंपियनशिप का आयोजन 22 और 23 जून कोबिलासपुर के कोनी स्थित स्वर्गीय लखीराम अग्रवाल हाल में किया गया। इस खेल में पूरे भारत वर्ष के कई राज्यों से खिलाड़ी हिस्सा लिये और खेल में अपना जौहर दिखाए है।

इसी कड़ी में जांजगीर - चांपा जिले के कराते एसोसिएशन के अध्यक्ष रामू भैना और उपाध्यक्ष मुरली नायर केमार्गदर्शन में जांजगीर, शिवरीनारायण, कोसमन्दा की खिलाड़ियों ने भी भाग लिया था। जिसमें जांजगीर से अमन नामदेव ने काता में सिल्वर मैडल जीत कर दूसरा स्थान और फाइट में गोल्ड मैडल जीत कर प्रथम स्थान हासिल किया। भुवन भैना ने काता में गोल्ड मैडल जीत कर प्रथम स्थान और फाइट में सिल्वर मैडल जीत कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। कोसमन्दा से कविता कस्यप ने काता में सिल्वर मैडल और फाइट में भी सिल्वर मैडल जीत कर दूसरे स्थान पर रही। ममता कौशिक ने काता में सिल्वर मेडल जीतकर दूसरा और फाइट में गोल्ड मेडल जीत कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। छाया कौशिक ने काता में गोल्ड मेडल जीत कर प्रथम और फीट में भी गोल्ड मेडल जीत कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। शिवरीनारायण श्री नायर ने फाइट में गोल्ड मेडल जीत कर प्रथम और काता में कांस्य पदक जीता। अंजलि कर्ष ने फाइट में गोल्ड मेडल जीतकर प्रथम और काता में कांस्य पदक जीता।


शील्ड, मैडल व सर्टिफिकेट के साथ उपस्थित खिलाड़ी।







